महिला सशक्तीकरण के प्रति किया जागरूक

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन रविवार की शुरुआत छात्राओं द्वारा प्रार्थना व योग से की गई। डॉ. शालिनी सिंह द्वारा फिजियोथेरेपी सेशन का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नारी सेवा मेडिकल सेंटर से लेकर शहीद स्मारक तक मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।डॉ. इंदु कन्नौजिया व दिव्या पाल के निर्देशन में छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत नारी सेवा मेडिकल सेंटर में साफ -सफाई की गई। (माई सिटी रिपोर्टर)